प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 04.09.2026 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रदेश में आज नगर निकाय आम चुनाव में घोषित प्रत्याशियों के लिए चुनाव चिन्हों का आंवटन किया जायेगां
- इसरो ने आज श्रीहरिकोटा से जी.एस.एल.वी–एफ17 रॉकेट के जरिए उपग्रह ई.ओ.एस–05 का सफल प्रक्षेपण कियां
- श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व आज देशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा हैं
- राज्य में बारिश की गतिविधियों में बढोतरी–आज 19 जिलों में बरसात का येलो अलर्ट

00000

प्रदेश में नगर निकाय आम चुनाव में कल नाम वापसी के बाद अब तस्वीर साफ हो गई हैं निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार शेष प्रकिया के तहत आज चुनाव चिन्हों का आंवटन किया जायेगां निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से राज्य निर्वाचन आयुक्त  राजेश्वर सिंह की अध्यक्षता में कल पर्यवेक्षकों की प्रशिक्षण बैठक आयोजित की गई बैठक में राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि चुनाव में पर्यवेक्षण कार्य भी दो चरणों में किया जाएगां पहला चरण का पर्यवेक्षण 7 से 14 सितंबर तक रहेगा, जो सदस्य पद की मतगणना पूरी होने तक जारी रहेगां वहीं, दूसरे चरण का पर्यवेक्षण 21 से 22 सितंबर तक अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के निर्वाचन तक किया जाएगां बैठक में श्री सिंह ने अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान पूरी तरह सजग और सतर्क रहने के निर्देश दिएं साथ ही पर्यवेक्षकों को निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किए जाने वाले कार्यों, दायित्वों एवं संबंधित नियमों की प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई

0000

भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में एक और बड़ी सफलता हासिल की हैं भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने आज सुबह श्रीहरिकोटा से जी.एस.एल.वी– एफ17 रॉकेट के जरिए पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ई.ओ.एस–05 का सफल प्रक्षेपण कियां इसरो के अनुसार, प्रक्षेपण के करीब 18 मिनट बाद भारत के पहले इमेजिंग उपग्रह को जियोसिंक्रोनस कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया गयां ई.ओ.एस–05 से वास्तविक समय में तस्वीरें मिलेंगीं इससे कृषि और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में मदद मिलेगीं इसरो अध्यक्ष वी. नारायणन ने कहा कि यह मिशन भारत की पृथ्वी अवलोकन क्षमताओं को और मजबूत करेगां

0000

राजस्थान पुलिस ने तकनीकी नवाचार के तहत राजकॉप सिटीजन मोबाइल ऐप पर 'ई–विजिटर' सुविधा की शुरूआत की हैं स्टेट क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो–एससीआरबी की ओर से शुरू की गई इस सुविधा से होटल, धर्मशाला और व्यावसायिक रूप से उपयोग किए जा रहे अन्य आवासीय प्रतिष्ठानों में ठहरने वाले आगंतुकों का विवरण अब मोबाइल फोन से ही दर्ज किया जा सकेगां इससे खासतौर पर छोटे होटल और धर्मशाला संचालकों को राहत मिलेगीं

00000

नशा मुक्त भारत अभियान की छठी वर्षगांठ के मौके पर इस महीने नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर सामूहिक शपथ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगां इस शपथ अभियान में ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों तरह से 10 करोड़ से ज्यादा नागरिकों को शामिल किया जायेगां मंत्रालय में संयुक्त सचिव डॉ. संदीप रेवजी राठौड़ ने कल नई दिल्ली में इस योजना पर चर्चा करने के लिए दो उच्च–स्तरीय समन्वय बैठकें कीं उन्होंने बताया कि यह शपथ अभियान एक ऐसी पहल है जिसके तहत लोग स्वेच्छा से नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के शिकार लोगों तक पहुँचने का काम करते हैं इसका मकसद लोगों में जिम्मेदार व्यवहार को बढ़ावा देना और उनमें नशीले पदार्थों से दूर रहने की जिम्मेदारी की भावना पैदा करना हैं

000000

शिक्षक दिवस कल मनाया जाएगां यह दिन देश के दूसरे राष्ट्रपति और दार्शनिक  डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के रूप में 5 सितम्बर को मनाया जाता हैं यह दिन समाज और राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों के योगदान को याद करने का अवसर हैं इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान करेंगीं शिक्षा मंत्रालय के अनुसार इस साल कुल 82 उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगां इनमें 48 स्कूल शिक्षक शामिल हैं राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने वाले शिक्षकों को हर साल प्रदान किये जाते हैं प्रदेश से भी दो शिक्षकों को ये पुरस्कार मिलेगां चाकसू के टूमली का बास के उच्च प्राथमिक विद्यालय की डॉ. वर्तिका गुलाटी को नवाचार, तकनीक और गतिविधि आधारित शिक्षण के लिए ये पुरस्कार दिया जाएगां वहीं झालावाड़ के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय के डॉ. दिव्येन्दु सैन को ग्रामीण विद्यार्थियों को कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर से प्रशिक्षित करने के लिए ये पुरस्कार मिलेगां

0000

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का पर्व जन्माष्टमी आज देशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा हैं

....

मंदिरों और घरों में श्रीकृष्ण की विशेष झांकी सजायी जा रही हैं भरतपुर के बांके बिहारी मंदिर में आज सुबह से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड रहा हैं हमारे संवाददाता ने बताया कि यहां मंगला आरती के पहले से ही नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयकारे गूंज रहे हैं

.....

इधर राजधानी जयपुर के आराध्य गोविंद देवजी मंदिर सहित सभी मंदिरों में नंदलाल के आगमन की तैयारियां हो रही हैं यातायात के सुगम संचालन के लिए परकोटा क्षेत्र में चलने वाले परिवहन साधन ई–रिक्शा, ऑटो, सिटी और मिनी बसों का प्रवेश वर्जित रहेगां इसे देखते हुए जयपुर मेट्रो प्रशासन ने मेट्रो के फेरों की संख्या बढाकर 218 कर दी हैं अन्तिम मेट्रो ट्रेन का संचालन मानसरोवर से रात एक बजे और बड़ी चौपड़ से रात 1 बजकर 10 मिनट तक किया जायेगां

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने जन्माष्टमी पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन और उनकी शिक्षाएं भारत की सांस्कृतिक और दार्शनिक विरासत को नई दिशा देती हैं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी जन्माष्टमी पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं उन्होंने कहा कि श्री भगवद्गीता–कर्तव्य, नैतिकता, न्याय, साहस और जीवन में संतुलन का मार्ग दिखाती हैं **जन्माष्टमी के मौके पर** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आज पूंछरी के लौटा पंहुचकर विशेष पूजा अर्चना करने का कार्यक्रम हैं उन्होंने प्रदेशवासियों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निष्काम कर्म करने, अन्याय का प्रतिकार करने तथा लोक कल्याण के लिए सदैव समर्पित रहने का भगवान श्रीकृष्ण का संदेश हर युग में प्रासंगिक हैं इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि वे भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों को आत्मसात कर विकसित भारत–विकसित राजस्थान के निर्माण में योगदान दें

0000

प्रदेश में बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी देखी जा रही हैं आज राजधानी जयपुर में सुबह से ही बादल छाये रहे और कई स्थानों पर हल्की बारिश हुई धौलपुर से तेज बारिश के समाचार हैं सवाईमाधोपुर और कोटपूतली–बहरोड़ में भी कल देर रात से ही रूक–रूक कर हल्की बरसात का दौर बना हुआ हैं इससे पहले कल 7 शहरों में एक इंच से ज्यादा बरसात हुई सबसे ज्यादा बारिश भरतपुर के उच्चैन में 54 मिमी रिकॉर्ड की गईं चित्तौडगढ़, कोटा, अलवर, भीलवाड़ा, दौसा, डीग, धौलपुर, करौली और सवाईमाधोपुर में भी बरसात हुई डीग, कामां, नगर, धौलपुर और करौली सहित कुछ अन्य शहरों में एक या एक इंच से ज्यादा बारिश दर्ज की गईं मौसम विभाग के अनुसार बारिश का यह दौर पूर्वी राजस्थान में आगामी 4 दिन तक जारी रह सकता हैं विभाग ने आज 19 जिलों में बरसात का येलो अलर्ट जारी किया हैं

......

000

गवर्नमेंट ई–मार्केटप्लेस–जीईएम और टेक्सटाइल्स कमेटी ने रीसाइकल और अपसाइकल किए गए टेक्सटाइल्स की खरीद को बढ़ावा देने के लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं

यह पहल सरकारी खरीद के जरिए प्री– और पोस्ट–कंज्यूमर टेक्सटाइल वेस्ट, स्क्रैप और पुराने कपड़ों से बने रीसाइकल और अपसाइकल किए गए उत्पादों को बढ़ावा देगी, जिससे सर्कुलर टेक्सटाइल इकॉनमी में कंपनियों के लिए बाजार के नए अवसर पैदा होंगें वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा कि यह एमओयू वेस्ट–टू–वैल्यू–टू–मार्केट इकोसिस्टम बनाएगा, जिससे टेक्सटाइल वेस्ट, स्क्रैप और पुराने कपड़ों को अच्छी क्वालिटी वाले वैल्यू–एडेड उत्पादों में बदला जा सकेगां

0000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से कल राष्ट्रीय सेवा योजना–एनएसएस के राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त विद्यार्थियों ने मुलाकात कीं एनएसएस के राज्य दलनायक डॉ. विवेक कुमार की अगुवाई में लोकभवन में ये भेंट की गईं इस दौरान श्री बागड़े ने विद्यार्थियों को राष्ट्र प्रथम की सोच से काम करने के लिए प्रेरित कियां राज्यपाल ने एनएसएस की गतिविधियों के बारे में भी जानकारी लीं

00000

भारत ने चीन की हांगकांग टीम के खिलाफ कल महिला एशिया कप 2026 के सातवें मैच में एक सौ सैंतीस रन से बड़ी जीत हासिल कीं इसी के साथ भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने सेमीफाइनल में जगह बना ली हैं दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना की शतकीय पारी के दम पर 5 विकेट खोकर 193 रन बनाएं मंधाना ने शेफाली वर्मा के साथ बतौर सलामी जोड़ी 48 गेंदों में 74 रन की साझेदारी कीं इसके जवाब में चीन 16 ओवर 2 गेंदों में सिर्फ 56 रन पर सिमट गईं शीर्ष स्थान पर बने रहते हुए भारत **आज** पाकिस्तान के खिलाफ अपना अंतिम ग्रुप मैच खेलेगां

0000